**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**–:: इन्द्रावती भवन ::–**
**नया रायपुर, छत्तीसगढ**

**कमांक**/युवा. कै./112/**2016–17**/170 **रायपुर दिनांक** 6/04/**2016**

**प्रति,**

**आयुक्त,**
**जनसंपर्क,**
डी–ब्लॉक, इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0)

**विषय :–** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु दिल्ली स्थित कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

**––000––**

विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु दिल्ली स्थित कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव के प्रकाशन हेतु कृपया विज्ञापन को दिल्ली के **03 बहुप्रसारित समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों** में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न : विज्ञापन की 01 प्रति

6.4.17

**(ईमिल लकड़ा)**
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकार
नया रायपुर, छत्तीसगढ़

**पृ. कमांक**/युवा. कै./112/**2016–17**/171 **रायपुर दिनांक** 6/04/**2016**

**प्रतिलिपि,**

1. सहायक आयुक्त/प्रशासकीय अधिकारी, आदिवासी युवा संस्थान सेक्टर 18। प्लॉट नंबर–1, द्वारका , नई दिल्ली–110075 को निर्देशित किया जाता है कि संलग्न सूचना का प्रकाशन दिल्ली के समाचार पत्रों प्रकाशित कराया जाए एवं प्राप्त प्रस्तावों को अंतिम तिथि के बाद अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में उपलब्ध करावें।
2. श्री आशीष वाढ़ेर, सहायक प्रोग्रामर, आ.जा.अनु.जा.वि. मुख्यालय, नया रायपुर को निर्देशित किया जाता है कि वह तत्काल संलग्न विज्ञापन को विभागीय वेबसाईड पर अपलोड कर अवगत करावें।

6.4.17

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकार
नया रायपुर, छत्तीसगढ़

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
–:: ब्लॉक–4, भू–तल, इन्द्रावती भवन ::–
छत्तीसगढ, नया रायपुर

//संक्षिप्त विज्ञप्ति//

क्र0/ आ.वि./112/2016–17/169 रायपुर दिनांक 6/04/2016

## छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु दिल्ली स्थित कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

––––000––––

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवा कैरियर निर्माण योजनांतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु दिल्ली में आदिवासी युवा संस्था की स्थापना (Tribal youth hostel) की गई है। इस योजनांतर्गत उत्कृष्ठ निजी संस्थाओं में प्रवेश दिलाकर कोचिंग कराया जाता है।

अतः ऐसे कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित है, जो विभाग के योजना नियमों के अंतर्गत कार्य करने के इच्छुक एवं सहमत है। इच्छुक संस्थाएं प्रस्ताव बंद लिफाफे में सहायक आयुक्त/प्रशासकीय अधिकारी, आदिवासी युवा संस्थान सेक्टर 18A प्लॉट नंबर–1, द्वारका , नई दिल्ली–110075 के कार्यालय में दिनांक 24.04.2017 तक प्रस्तुत कर सकतें हैं योजना एवं नियम की विस्तृत जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

6.4.17

(ईमिल लकड़ा)
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
रायपुर छत्तीसगढ़

—:: विज्ञप्ति ::—

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु दिल्ली स्थित निजी कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा, युवा कैरियर निर्माण योजना 2015 अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना है। योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष अधितम अभ्यर्थियों का चयन कर दिल्ली स्थित विभाग के आदिवासी युवा संस्थान, द्वारका नई दिल्ली मे प्रवेश कराया जाता है।

योजनांतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को दिल्ली स्थित उत्कृष्ठ निजी कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश कराकर 01 वर्षीय कोचिंग कराया जाता है। कोचिंग का शुल्क छत्तीसगढ़ शासन एवं अभ्यर्थियो द्वारा नियम की कंडिका 06 अनुसार वहन किया जाता हैं। प्राप्त प्रस्तावों का राज्य स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण उपरांत पात्र पाए गए संस्थाओ को सूचीबद्ध किया जाता है एवं अभ्यर्थियों के विषय अनुसार सहमति उपरांत कोचिंग संस्था में अभ्यर्थी भेजें जाएंगे।

अतः ऐसे उत्कृष्ठ निजी कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित है, जो विभाग के योजना नियमों के अंतर्गत प्रशिक्षण/कोचिंग देने हेतु सहमत है। प्रस्ताव में कोचिंग संस्था का दिल्ली में सक्षम प्राधिकारी से पंजीयन, संस्थान की संपूर्ण जानकारी, संस्थान में प्रवेशित विद्यार्थियों का पिछले 05 वर्ष का वर्षवार उपलब्धि, संस्थान का पैन नंबर, आयकर रिटर्न, टर्न ओव्हर, शुल्क संरचना, कोचिंग का माध्यम, कोचिंग के पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अवधि, समय–सारणी, पढ़ाए जाने वाला विषय, संस्थान के प्रशिक्षकों की सूची, आडियो–वीडियो तकनीकी एवं अन्य मूलभूत सविधाएं, संस्थान द्वारा कोचिंग प्रदान करने हेतु सहमति प्रत्र को शामिल कर पूर्ण प्रस्ताव दिनांक 24.04.2017 तक सहायक आयुक्त/प्रशासकीय अधिकारी, आदिवासी युवा संस्थान सेक्टर 18A प्लॉट नंबर–1, द्वारका , नई दिल्ली–110075 के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

6.4.17

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
रायपुर छत्तीसगढ़

D:\AC (R)\youth ...